कृपया प्रकाशनार्थ **8 अगस्त 2011**

बेहतर महाराष्ट्र के लिए भाजपा विधायक और बेहतरीन काम करें : नितीन गडकरी

मुंबई, सोमवार : "कांग्रेस की केंद्र सरकार तथा महाराष्ट्र सरकारद्वारा हो रहा भ्रष्टाचार, कांग्रेसीयों का अंहकार और आस्मान छु रही महंगाई से जनता में आक्रोश हैं. भाजपा विधायकों ने इस परिस्थिती को महाराष्ट्र में सुशासन लाने के लिए प्राप्त अवसर समझना चाहिए और उसका लाभ उठाने का पुरा प्रयास करना चाहिए", यह सलाह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. नितीन गडकरी ने भाजपा के महाराष्ट्र राज्य के विधायकों को दी. भायंदर स्थित रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनी में भाजपा विधायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में श्री. गडकरी बोल रहे थे.

महाराष्ट्र विधानसभा तथा विधान परिषद के सभी भाजपा विधायकों के लिए आयोजित दो दिन के प्रशिक्षण शिविर का समापन करते समय श्री. नितिन गडकरी ने आगे कहा, "हर भाजपा विधायक सोचे कि फिर से चुन कर आने तथा पहलेसे अधिक मताधिक्य प्राप्त करने के लिए उसे क्या प्रयास करने हैं. निर्वाचन क्षेत्र में तथा विधीमंडल सदन में बेहतरीन काम कैसा हो इसकी ओर आने वाले तीने वर्षों में हर विधायक ध्यान दें तो महाराष्ट्र का चित्र अवश्य बदलेगा!"

इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन लोकसभा के उपनेता सांसद श्री. गोपीनाथ मुंडे ने किया. देश तथा महाराष्ट्र की राजनीतिक परिस्थिती के बारे में श्री. मुंडे ने अपने विचार रखें. महाराष्ट्र विधानसभा के विपक्ष नेता श्री. एकनाथ खडसे ने 'सदन के कामकाज में प्रभावशाली योगदान', प्रदेशाध्यक्ष श्री. सुधीर मुनगंटीवार ने 'कांग्रेस सरकार की असफलता', श्री. राम नाईक ने 'निर्वाचन क्षेत्र का संवारना', श्री. प्रकाश जावडेकर ने 'जनसंघ - भाजपा विकास यात्रा', तो श्री. रघुनाथ कुलकर्णी ने 'संगठन में विधायकों का योगदान' इन विषयों पर अपने विचार रखे. डा. विनय सहस्त्रबुद्धे व श्री. विनोद तावडे द्वारा 'आयटी व प्रसार माध्यम' इस विषय पर संयुक्त चर्चा सत्र लिया गया.

देश में भाजपा के कुल 165 सांसद (लोकसभा 116, राज्यसभा 49) हैं, तो 20 राज्यों में मिल कर कुल 952 विधायक हैं. इन सभी के गुणों का विकास हो इस दृष्टी से 'भाजपा सांसद - विधायक प्रकोष्ठ' की स्थापना हुई है, जिसके पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक संयोजक है. इस प्रकोष्ठ द्वारा सभी सांसद - विधायकों का प्रशिक्षण होता है. सबसे पहले नई दिल्ली में सभी भाजपा सांसदों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ. उसके बाद मध्यप्रदेश तथा बिहार के विधायकों का प्रशिक्षण किया गया. अब महाराष्ट्र के बाद आनेवाले दिनों में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान व कर्नाटक में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ऐसी जानकारी अंत में श्री. राम नाईक ने दी.

(कार्यालय मंत्री)